p>

Title: Need to develop road for the unathorised colonies in Sangam Vihar and Devoli in delhi.

श्री रमेश बिधूड़ी (दक्षिण दिल्ली): माननीय सभापति जी, मैं आपके माध्यम से 5 से 7 लाख लोगों का एक बहुत ही सेंसिटिव मामला उठाना चाहता हूँ ।

संगम विधान सभा और देवली विधान सभा, ये दोनों अनियमित कॉलोनियों में बसे हैं । इनका पश्चिमी भाग पूरा फॉरेस्ट का एरिया है । वर्ष 2016 में एक कानून बना है कि रिज एरिया में फॉरेस्ट लैंड को राज्य सरकारें तब्दील कर सकती हैं और ग्राम पंचायत की उतनी ही जमीन फॉरेस्ट में डाल सकती हैं । लेकिन राज्य सरकार की संवेदनहीनता के कारण चार अनियमित कॉलोनियों के सात लाख लोगों के लिए अंदर घुसने के जो रास्ते हैं, वे सैनिक फार्म, तिगरी, संगम विहार थाने वाला रोड और रतिया मार्ग है । ये भी चुनावी हथकंडों के कारण पिछले तीन वर्षों से खुदे हुए हैं । ये रोड्स भी ठीक नहीं हैं । काम-धंधा करने वाले मजदूर लोग इनमें चार-चार घंटे फंसे रहते हैं ।

आपके माध्यम से सरकार से मेरा निवेदन है कि केन्द्र सरकार राज्य सरकार को जगाने के लिए एक गाइडलाइंस दे । वहाँ पर जो बेल्ट है, शूटिंग रेंज से भाटी की तरफ जो सड़क जाती है, मैंने मुख्य मंत्री को बार-बार चिट्ठी लिखी है, वहाँ पर उस रिज के साथ-साथ एक 40-50 फुट का रोड बन जाए और ग्राम पंचायत की पड़ी हुई सौ बीघा जमीन को रिज में ट्रांसफर कर दिया जाए, ताकि वहाँ जो लोग नारकीय जीवन जी रहे हैं, चार-चार घंटे जाम में फंस रहे हैं, उनको इस समस्या से निजात मिल सके ।

आपने मुझे सात लाख लोगों की समस्या को रखने की अनुमति दी, इसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद ।

माननीय सभापति: कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्री रमेश बिधूड़ी द्वारा उठाये गये विषय से संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।